वर्ष-01, अंक-178
छपरा
मंगलवार 30 अप्रैल 2024
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

### मधेपुरा में सीएम नीतीश की जनसभा

## बोले-18 साल पहले कैसे हालात थे? अब शाम क्या...देर रात तक लोग टहलते हैं

**मधेपुरा ,एजेन्सी।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोमवार को लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए प्रचार करने मधेपुरा पहुंचे। मधेपुरा लोकसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी दिनेशचंद्र यादव के पक्ष में सीएम नीतीश ने मधेपुरा के आलमनगर में जनसभा को संबोधित किया।

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि 2005 से हम लोग बिहार की सेवा कर रहे हैं। उससे पहले बिहार का क्या हाल था, सब को पता है। उन्होंने कहा है कि याद कीजिए 18 साल पहले बिहार में किस तरह के हालात थे। कोई भी शाम को घर से बाहर नहीं निकल पाते थे। हिंदू-मुस्लिम का झगड़ा होते रहता था। अब शाम क्या देर रात तक लोग टहलते रहते हैं। हिन्दू-मुस्लिम का कोई झगड़ा नहीं है। कहीं कोई दिक्कत नहीं है। सीएम नीतीश ने कहा, उस समय बहुत कम बच्चे पढ़ पाते थे। अब सभी बच्चे पढ़ रहे हैं। स्वास्थ्य का काम भी ठीक नहीं था। पहले लड़कियां गरीबी के कारण पढ़ नहीं पाती थी। अब लड़कियां खूब पढ़ती है। लड़कियों की पढ़ाई के लिए हमलोगों ने इंतजाम करवाया है। लड़का और लड़की के लिए पोशाक योजना, साइकिल योजना चलाया। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि कोई साइकिल चलाता था जी। अब लड़कियां कितनी साइकिल चलाती है।



### हम लोगों ने बिहार में शिक्षकों को बहाल किया- नीतीश कुमार

मुख्यमंत्री ने कहा, हम लोगों ने शिक्षकों के लिए बहाली करवाया। स्वास्थ्य केंद्रों की क्या हालत थी। 2005 से पहले स्वास्थ्य केंद्र में एक महीना में मुश्किल से लोग जाते थे। इसको हमने देखा और डॉक्टर एवं इलाज की सुविधा को बढ़ाया। इंटर पास करने पर लड़कियों को 25 हजार और स्नातक पास करने पर 50 हजार रुपए दिया जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लड़कियों की पढ़ाई शुरू हुई उसी के चलते प्रजनन दर में कमी आई। उन्होंने कहा कि माइनॉरिटी के लोग याद कीजिए, पहले कितना झगड़ा होता था। अब झगड़ा नहीं है। कब्रिस्तान की घेराबंदी कोई करता था ? 2006 से अब तक 8000 से अधिक कब्रिस्तान की घेराबंदी की गई।

**हम और भाजपा मिलकर करके 2005 से कितना काम कराए** :हम और भाजपा मिलकर करके 2005 से कितना काम कराए। झूठे से कुछ लोग भाजपा को मुस्लिम के खिलाफ बोलता है। ई जो काम किए सब तो मिलजुल कर ही न किए। उन्होंने कहा कि मुस्लिम कम्युनिटी के लोग याद रखिए, अगर एक बार हम लोगों को हटा दीजिएगा तो कोई आप लोगों का काम नहीं करेगा। इसलिए हम लोग जो काम कर रहे हैं, उसको मत भूलिएगा।

### लोकसभा चुनाव-2024 :अमित शाह का हेलिकॉप्टर हवा में लहराया, उड़ान भरने के तुरंत बाद 2 फीट नीचे आया, पायलट ने संभाला

नई दिल्ली,एजेन्सी। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का हेलिकॉप्टर सोमवार को बेगूसराय के जीडी कॉलेज से उड़ान भरते समय तेज हवा के दबाव में लहरा गया। हेलिकॉप्टर को पश्चिम दिशा की ओर उड़ान भरकर पटना जाना था, लेकिन हेलिकॉप्टर जैसे ही ऊपर उठा, पश्चिम के बदले पूर्व दिशा की ओर जाकर लड़खड़ा गया। इसके बाद हेलिकॉप्टर ऊपर उड़ने के बजाय करीब दो फीट नीचे आया, लेकिन पायलट ने उसे संभाल लिया। इसके बाद पश्चिम दिशा की ओर सीधी उड़ान ली जा सकी।

### रोहिणी बोलीं-सब सुख छोड़कर आई..राजनेता नहीं,आपकी बेटी हूं

#### सारण सीट से भरा पर्चा, शिवहर में नॉमिनेशन के बाद लवली आनंद ने कहा-विरोधी नजर नहीं आएंगे



**पटना,एजेन्सी।** बिहार में आज कई बड़े चेहरों ने नामांकन किया। सारण लोकसभा सीट से राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने नामांकन दाखिल किया। नामांकन के बाद हुए जनसभा में रोहिणी ने कहा कि मैं आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति करने नही आई हूं, यहां मैं सब सुख छोड़कर आई हूं। मैं कोई राजनेता नहीं बल्कि आप ही की बेटी-बहन हूं, जो सुख-दुख में आपके साथ रहूंगी। रोहिणी के नामांकन में पूरा लालू परिवार मौजूद रहा। राजद सुप्रीमो और पिता लालू यादव, मां और पूर्व सीएम राबड़ी देवी, दोनों भाई तेजस्वी यादव और तेजप्रताप यादव और बहन मीसा भारती साथ रहें। छपरा के राजेंद्र स्टेडियम में हुई जनसभा में लालू यादव और तेजस्वी ने केंद्र सरकार और बीजेपी पर जमकर निशाना साधा। इधर शिवहर लोकसभा सीट से बाहुबली नेता आनंद मोहन की पत्नी लवली आनंद ने भी अपना पर्चा दाखिल कर दिया है। मौके पर उन्होंने कहा कि शिवहर में कोई लड़ाई नहीं है। आगे कहा कि स्वतंत्रता सेनानी के परिवार से आती हूं। किसी को सुनने की जरूरत नहीं, जिसको जो कहना है कहते रहे।

वहीं मोतिहारी से बीजेपी उम्मीदवार राधा मोहन सिंह ने भी आज नॉमिनेशन किया। नामांकन से पहले उनका रोड शो हुआ, जिसमें बुलडोजर से फूल बरसाए गए। वैशाली सीट से लोजपा (रा) प्रत्याशी वीणा देवी ने भी पर्चा भरा और 4 लाख से ज्यादा सीटों से जीतने का दावा किया। वीणा देवी के नामांकन से पहले आशीर्वाद सभा हुई, जिसमें दोनों डिप्टी सीएम शामिल हुए। इधर हाजीपुर लोकसभा सीट से चिराग पासवान के खिलाफ लड़ रहे राजद कैंडिडेट शिवचंद्र राम साइकिल से अपना नामांकन दाखिल करने पहुंचे थे।

## बगहा में आग से 150 घर जलकर राख..2 जिंदा जले



### 3 झुलसे, कई बच्चे लापता; मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ी खराब, ग्रामीणों ने बुझाया आग

**बगहा (वाल्मिकीनगर), एजेन्सी।** बगहा में आग लगने से 150 घर जलकर राख हो गए हैं। हादसे में दो लोगों की जिंदा जलने से मौत हो गई है। वहीं, तीन लोग गंभीर रूप से झुलस गए हैं। घटना ठकराहा थाना क्षेत्र के जगीरहा पंचायत के हरिजन बस्ती की है। आग लगने की सूचना पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। लोग अपने संसाधनों से आग बुझाने लगे। ग्रामीणों ने घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को दी। जिसके बाद दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची। हालांकि, दमकल की गाड़ी खराब होने की वजह से आग बुझाया नहीं जा सका।

#### गांव के कई बच्चे लापता

स्थानीय लोगों की मदद से झुलसे लोगों को आनन-आनन से क्व्राष्ट पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि गांव के कई बच्चे लापता हैं, जिनकी तलाश की जा रही है।

#### आग के कारणों का नहीं चला पता

आग लगने के कारणों का फिलहाल खुलासा नहीं हो पाया है। मृतकों की पहचान राजेंद्र राम और दीपक के रूप की गई है। घटना की सूचना मिलने के बाद बगहा स्ष्ठरूडॉ अनुपमा सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि करीब डेढ़ सौ घर जल गए हैं। इसमें दो लोगों की मौत हो गई है। दर्जनों मवेशियों की भी आग में जलकर मौत हो गई है।

**स्थानीय लोगों की मदद से आग पर पाया काबू** : दमकल की गाड़ी खराब होने की वजह से स्थानीय लोग ही आग बुझाने में जुट गए। ग्रामीणों ने घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। स्ष्ठह्र ने बताया कि क्षतिपूर्ति का आकलन किया जा रहा है। इसके बाद प्रशासन की ओर से पीड़ित परिवार को मदद की जाएगी।

### कार ट्रक से टकराई, नाना-नाती की मौत-किशनगंज से बारातियों से भरी स्कॉर्पियो आई थी

**पूर्णिया,एजेन्सी।** पूर्णिया में किशनगंज के बहादुरगंज से आई बारातियों से भरी स्कॉर्पियो दुर्घटनाग्रस्त हो गई। कार सवार दो बारातियों की मौत हो गई। दोनों आपस में नाना-नाती लगते हैं। इसके अलावा हादसे में 5 बाराती गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें 3 की स्थिति गंभीर है। मृतक श्चिम बंगाल के सिल्लीगुड़ी के माटीगड़ा के पोतीराम गांव निवासी हैं। घटना जलालगढ़ थाना के सीमा काली मंदिर पेट्रोल पंप के समीप रात 3 बजे की है ।जिस वक्त हादसा हुआ स्कॉर्पियो की रफ्तार 80 के करीब थी। ट्रक ने बगैर इंडिकेटर दिए रॉन्ग साइड लिया, जिसके बाद बारातियों से भरी स्कॉर्पियो ट्रक में जा घुसी। दूल्हे के रिश्तेदार नाना वरुण मंडल (50) और नाती दीपांकर मजूमदार (11) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं घायलों में दूल्हे की दादी गीता देवी (60), जोया मंडल (49), जुली मंडल (52), चुटकी मंडल (31) समेत ड्राइवर मो. तस्लीम (31) शामिल है।

## राहुल गांधी बोले- 50% से ज्यादा का रिजर्वेशन देंगे

#### बिलासपुर में कहा- सरकार आते ही किसानों का कर्ज होगा माफ, रूस्क्कका बनाएंगे कानून



**बिलासपुर,एजेन्सी।** बिलासपुर लोकसभा में राहुल गांधी ने देवेंद्र यादव के पक्ष में प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि, हम आरक्षण में लगे 50 प्रतिशत के कैप को हटा देंगे। हम इससे ज्यादा का आरक्षण देंगे। उन्होंने किसानों से कहा कि, हमारी सरकार आते ही सभी का कर्ज माफ कर दिया जाएगा और MSP का कानून भी कांग्रेस लेकर आएगी।

राहुल गांधी की सभा से पहले कांग्रेस के झंडे-बैनर को नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते ने निकालने की कार्रवाई की तो जमकर हंगामा हो गया। कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव एसडीएम और पुलिस अधिकारियों से कह रहे थे कि, आप स्न्रढ्ढक्रकरा दीजिए लेकिन इस कार्रवाई का विरोध हम करेंगे। वहीं राहुल की सभा में बस्तर से प्रत्याशी कवासी लखमा थिरकते नजर आए। कांग्रेस की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे भी 30 अप्रैल को प्रचार करने छत्तीसगढ़ पहुंचेंगे। उनकी सभा जांजगीर-चांपा लोकसभा में होगी। इसके अलावा 2 मई को प्रियंका गांधी भी कोरबा लोकसभा में प्रचार करने पहुंचेंगी।

## बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाला, CBI जांच पर SC की रोक

#### कोर्ट ने पूछा- क्या 25 हजार नियुक्तियों में से सही-गलत को अलग किया जा सकता है

**कोलकाता,एजेन्सी।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले में सरकारी अधिकारियों के खिलाफ सीबीआई जांच पर रोक लगा दी। कोर्ट ने पूछा है कि क्या 25 हजार नियुक्तियों में से सही तरीके से किए गए टीचर्स के अपॉइंटमेंट को अलग किया जा सकता है? सुप्रीम कोर्ट इस मामले की सुनवाई 6 मई को करेगा। याचिका में कहा गया था कि हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी जाए, जिसमें सभी नियुक्तियों को रद्द कर दिया गया है।

चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि देखिए इसे किस तरह से किया गया है। ओएमआर शीट को पूरी तरह से नष्ट कर दिया गया। जो लोग पैनल में नहीं थे, उन्हें रिक्रूट किया गया। यह फ्रॉड है।

वरिष्ठ वकील राकेश द्विवेदी ने हाईकोर्ट के फैसले पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि सभी नियुक्तियों को खारिज कर दिया गया है, जबकि सीबीआई को अब तक जांच में सिर्फ 8000 नियुक्तियों में खामियां मिली हैं। स्कूल सर्विस कमीशन ने भी कहा कि जो नियुक्तियां सही तरह से हो सकती थीं, उन्हें अलग किया जा सकता था। कलकत्ता हाईकोर्ट ने 22 अप्रैल को 2016 में की गई 25 हजार 753 नियुक्तियों को रद्द कर दिया था।? हाईकोर्ट ने इन शिक्षकों को 7-8 साल के दौरान मिली सैलरी 12त्न इंटरेस्ट के साथ लौटाने के निर्देश भी दिए हैं। इसके लिए कोर्ट ने 6 हफ्ते का समय दिया है।



## अनियंत्रित होकर बाइक पलटी, तीन युवक घायल

**एकमा (सारण)।** एकमा पुलिस अंचल क्षेत्र के घोरहट मठिया गांव के समीप एक तेज रफ्तार बाइक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। बताया जाता है कि बाइक के अचानक अनियंत्रित होकर पलट जाने से बाइक पर सवार घोरहट मठिया गांव के तीन युवक हरेराम यादव, राजकुमार यादव व पिंटू यादव घायल हो गए। परिजनों ने तीनों घायलों को निजी वाहन से लाकर एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार के लिए भर्ती कराया। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. इरफान अहमद ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप में घायल हरेराम यादव व राजकुमार यादव को बेहतर चिकित्सा के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया। जहां घायलों का उपचार हो रहा है। बताया जाता है कि बाइक सवार तीनों युवक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए एकमा आ रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही एक चार पहिया वाहन की तेज रोशनी बाइक चालक के आंख पर पड़ने से उनकी उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर कर घोरहट मठिया गांव के समीप सड़क पर पलट गई और बाइक पर सवार तीनों युवक घायल हो गए ।

## बाइक दुर्घटना में दो युवक घायल

**एकमा (सारण)।** एकमा-ताजपुर सड़क पर कोहड़गढ़ गांव के समीप एक तेज रफ्तार बाइक के अनियंत्रित होकर पलट जाने से बाइक पर सवार दो युवक घायल हो गये। घायलों का प्राथमिक उपचार एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में कराया गया। बताया जाता है कि दोनों घायलों की पहचान एकमा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत एकमा बाजार के भरहोपुर गांव के निवासी परमेन्द्र कुमार सिंह व रणधीर कुमार सिंह के रूप में की गई है। दोनों युवक अपनी बाइक से ताजपुर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान इनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई और बाइक पर सवार दोनों युवक घायल हो गये।

## मुखिया के अवासीय परिसर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**मांझी(सारण)।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा नेता ओमप्रकाश कुशवाहा की माताजी एवं वर्तमान मुखिया रिंकू देवी की सासु माँ कुलवंती देवी निधन के बाद रविवार को उनके कोहड़ा बाजार स्थित आवासीय परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए तथा स्व. कुलवंती देवी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया। इस मौके पर अपने श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि स्व. कुलवंती देवी नेकदिल व काफी सरल स्वभाव की मृदुभाषी महिला थी। उनके हृदय में सभी के प्रति प्रेम था और वह हमेशा सबकी भला चाहती थी। श्रद्धांजलि सभा में ओमप्रकाश कुशवाहा व जयप्रकाश प्रसाद समेत डॉ अशोक कुशवाहा, कामरेड अरुण कुमार, अनिल सिंह, श्याम सुंदर सिंह कुशवाहा, अजय शंकर वर्मा, श्रीकांत सिंह, बाल मुकुंद सिंह, जितेंद्र प्रसाद, योगेंद्र सिंह, प्रमोद सिंह, मनोज वर्मा संकल्प, उदय शंकर सिंह, ध्रुवदेव गुप्ता, विजय प्रताप सिंह चुन्नू, जितेंद्र सिंह, राजकुमार राय, डॉ. जमीर, श्रीकांत सिंह, सरीखन सिंह, काशीनाथ सिंह, रामबाबू सिंह, सलीम मियां, हसनैन अली, राजेश प्रसाद, मृत्युंजय पूरी, गुड्डू कुशवाहा, मन्नान खां समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

## पर्यावरण को संरक्षित रखना हम सबकी नैतिक जिम्मेवारी

**माँझी(सारण)।** पर्यावरण संरक्षण वर्तमान परिवेश में हमारे जीवन का महत्वपूर्ण अंग होना चाहिए। पर्यावरण को संरक्षित रखना हम सबकी नैतिक जिम्मेवारी है। यह बातें छपरा उपभोक्ता फोरम के जिला जज बीपी सिंह ने कही। वे माँझी नगर पंचायत के उत्तर टोला निवासी व प्रसिद्ध समाजसेवी मदन सिंह की पत्नी तथा माँझी पूर्वी के पैक्स अध्यक्ष विजय सिंह की माता कलावती देवी की श्रद्धांजलि सभा के पूर्व रुद्राक्ष का पेड़ लगाने के दौरान कही। मौके पर मौजूद अवकाश प्राप्त जिला जज बलिराम सिंह ने कहा कि आजकल वातावरण बहुत प्रदूषित हो गया है जिसके चलते भीषण गर्मी, दूषित हवा, प्रदूषण व बीमारियां फैल रही हैं. इसलिए वातावरण को शुद्ध बनाए रखने के लिए सभी को योगदान देना चाहिए। मौके पर जेपी विश्वविद्यालय के पूर्व रजिस्टार प्रो रवि प्रकाश बबलू तथा धर्मेन्द्र सिंह उर्फ डब्ल्यू।मुखिया।,सूर्यनाथ सिंह।अभियन्ता तथा शिक्षक नेता दिनेश सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे। सभा का संचालन मुन्ना सिंह ने किया।

## बाइक दुर्घटना में दो शख्स गंभीर रूप से घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक महम्मदपुर एन एच 227 ए राम जानकी पथ पर मशरक थाना क्षेत्र के तख्त टोला गांव में बाइक दुर्घटना में दो सवार इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराए गए। घायलों की पहचान इसुआपुर थाना क्षेत्र के सहवा गांव निवासी डॉ नगीना शर्मा का 60 वर्षीय पुत्र धर्मदेव शर्मा और स्व शेख रसूल का 60 वर्षीय पुत्र शेख अली हुसैन के रूप में हुई। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार किया। घायलों ने बताया कि दोनों बाइक पर सवार होकर रिश्तेदारी में जा रहे थे कि बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

## जमीनी विवाद में मारपीट, दो घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के पदमौल गांव में जमीनी विवाद को लेकर मारपीट में सरकारी विद्यालय की शिक्षिका समेत पति घायल हो गए। इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराए गए जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया। घायल पदमौल गांव निवासी स्व रामलोचन राय का 44 वर्षीय पुत्र अजय प्रसाद और अजय प्रसाद की पत्नी 40 वर्षीय माया देवी जो मिडिल स्कूल पदमौल में कार्यरत हैं। घायलों ने बताया कि शिकायत थाना पुलिस में दर्ज कराई गई है उक्त विवादित जमीन पर रोक के बावजूद सोमवार को जबरदस्ती दबंगई से काम कराया जा रहा था कि उसी के विरोध में मारपीट हो गई।

## ऑटो दुर्घटना में महिला घायल, सदर रेफर

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक सीएचसी में ऑटो दुर्घटना में घायल महिला को इलाज के लिए भर्ती कराया गया। घायल महिला पानापुर थाना क्षेत्र के बकवा गांव निवासी सत्येंद्र राम की 49 वर्षीय पत्नी किरण देवी हैं। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया। घायल महिला ऑटो में सवार होकर तरैया से घर आ रहीं थीं कि पोखरेड़ा में ऑटो दुर्घटना में घायल हो गए।

# टोपोलैंड पर कार्रवाई को सरकार ने लटकाया, जनप्रतिनिधियों ने भी कुछ नहीं किया : शैलेंद्र प्रताप

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** सारण विकास मंच ने राज्य में 20 हजार एकड़ जमीन को टोपोलैंड के नाम पर लटकाने का विरोध करते हुए शीघ्र इसके सर्वे के काम को पूरा कराने की मांग की है। इसको लेकर छपरा में सारण विकास मंच की बैठक हुई। बैठक में सारण विकास मंच के संयोजक शैलेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि राज्य और केंद्र सरकार की लापरवाही और अनिच्छा ने राज्य में टोपोलैंड के 20 हजार एकड़ जमीन को लटकाया हुआ है। साथ ही इसमें जनप्रतिनिधियों की भी पूरी लापरवाही है जो यह मामला सालों से लटका हुआ है। टोपोलैंड की जमीन का रजिस्ट्रेशन ऑल इंडिया स्तर पर होता है, जबकि म्यूटेशन का काम राज्य सरकार करती है। इस मामले में कोर्ट में भी मामला गया है। हाई कोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट सभी ने सरकार को इस मामले में लटकाने की बात कही और जनता के पक्ष में फैसला दिया है। लेकिन अब भी इस जमीन के सर्वे का काम पूरा नहीं हुआ है।शैलेंद्र प्रताप सिंह ने कहा



कि सारण समेत पूरे बिहार में 20 हजार एकड़ से ज्यादा टोपोलैंड है। सरकार ऐसी जमीन को अपना मानती है। 2014 से कई जिलों में इसकी रजिस्ट्री नहीं हो रही थी। तब तक सरकार ने कोई आदेश पारित नहीं किया था। लेकिन 20 जुलाई 2017 को सरकार ने बाकायदा आदेश जारी कर पूरे बिहार में इस जमीन की रजिस्ट्री पर रोक लगा दी। इसके बाद पटना हाई कोर्ट में दो जजों की खंडपीठ ने आदेश देकर स्पष्ट कर दिया था कि रजिस्ट्रेशन के लिए दस्तावेज पेश करने वाले या जमीन की रजिस्ट्री कराने के लिए आए व्यक्ति का टाइटल नहीं देखना है। रजिस्ट्रार के समक्ष पेश किए गए दस्तावेज का निबंधन करना है। खंडपीठ ने यह भी कहा था कि अगर सही तरीके से रजिस्ट्री के लिए पेश दस्तावेज रजिस्टर्ड नहीं किए गए और हाईकोर्ट पर इसके लिए बोझ बढ़ा, तो इन सभी अधिकारियों पर भारी जुर्माना लगेगा। इसके बावजूद इस पर कार्रवाई नहीं की गई। सारण विकास मंच के संयोजक श्री सिंह ने कहा कि सारण जिले में यह बड़ा मुद्दा है। हाई कोर्ट के बाद सुप्रीम कोर्ट ने भी इस मामले में हाई कोर्ट के ही निर्णय को सही माना। ऐसे में यह जरुरी है कि स्थानीय जनप्रतिनिधि टोपोलैंड को लेकर सरकार पर कानूनी कार्रवाई और पहल करने के लिए दबाव डालते। लेकिन यहां के जनप्रतिनिधियों ने इसकी सुध नहीं ली है। अभी भी टोपोलैंड का कैडेस्ट्रल सर्वे और रिविजनल सर्वे में सर्वेक्षण अधूरा और छूटा हुआ है। इसलिए सारण विकास मंच सारण की जनता के जमीन से जुड़े मुद्दे का हल लाने वाले के साथ रहेगा इसमें मुख्य रूप से मिथिलेश सिंह, राज कुमार अभिषेक यादव, अमरनाथ सिंह नरेंद्र सिंह इत्यादि उपस्थित थे।

## घोघराहा ब्रह्म स्थान पर 24 घंटे का सार्वजनिक अखण्ड अष्टयाम प्रारंभ



**तरैया (सारण)।** रामपुर केशो घोघराहा ब्रह्म स्थान परिसर में आचार्य सुकेश त्रिवेदी के वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ सोमवार को 24 घंटे का सार्वजनिक अखण्ड अष्टयाम प्रारंभ हुआ। इसके पूर्व भव्य कलशयात्रा सह शोभायात्रा निकाली गई। कलशयात्रा में 551 महिलाएं व कन्याएं पिला वस्त्र धारण कर शामिल हुई। गाजे-बाजे रथ-घोड़ा-हाथी के साथ निकाली गई भव्य कलशयात्रा में शामिल रंग-बिरंगें परिधानों में सुसज्जित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष, युवा व युवती समेत श्रद्धालु हर-हर महादेव, जय श्रीराम, जय श्रीकृष्ण, जय हनुमान के जयघोष लगाते चल रहे थे। कलशयात्रा का शुभारंभ ब्रह्म स्थान परिसर से हुआ जो कि पूरे गांव का परिभ्रमण करते हुए नारायणपुर ठाकुरबाड़ी मंदिर पहुंची। जहां आचार्य सुकेश त्रिवेदी व अन्य पंडितो के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश व माँ गंगा की पूजा अर्चना की गई। तपश्चात जलभरी कर यज्ञ मंडप के लिए श्रद्धालु प्रस्थान किये।जिसके बाद 24 घंटे का अखण्ड अष्टयाम प्रारंभ हुआ। इस दौरान आचार्य सुकेश त्रिवेदी ने कहा कि कलयुग में विशेष रूप से श्रीराम और श्रीकृष्णा नाम का महत्व है। जो लोग हरे-राम, हरे-कृष्ण का जप करते हैं वे खुद को किसी भी भौतिक इच्छाओं से मुक्त करने और सर्वशक्तिमान से जुड़ने में सक्षम होते हैं। इस दौरान कलशयात्रा में दर्जनों जनप्रतिनिधि और दर्जनों गायन मण्डली शामिल हुए। मुख्य यजमान गुड्डू सिंह सपत्नीक, लोकसभा प्रत्याशी रणधीर सिंह, मुखिया अमित सिंह, पैक्स अध्यक्ष सह जिला पार्षद प्रतिनिधि प्रत्युष प्रकाश उर्फ राहुल सिंह, बीडीसी प्रतिनिधि प्रियरंजन सिंह युवराज, पूर्व बीडीसी नागेन्द्र प्रसाद, मुखिया ओमप्रकाश राम, कृष्णा कुशवाहा, छठु कुशवाहा, रविन्द्र कुमार, बिट्टू तिवारी, मुनटुन सिंह, संजय तिवारी, राजदेव सिंह, रमेश सिंह, हरेन्द्र सिंह, शैलेन्द्र सिंह, अरुण सिंह, मनोज सिंह, समेत दर्जनों गणमान्य लोग शामिल थे।

## मैट्रिक व इंटरमीडियट में अव्वल अंक प्राप्त करने वाले दर्जनों छात्र हुए सम्मानित

**दैनिक खोज खबर /मांझी(सारण)।** माँझी प्रखंड के ताजपुर में में स्थित ताजपुर फुलवरिया में स्थित बीकेबी क्लासेस में आज सोमवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मैट्रिक व इंटरमीडियट में अव्वल अंक प्राप्त करने वाले दर्जनों छात्र-छात्राओं को मोमेंटो तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में संस्थापक शिक्षक बी के भारतीय ने सभी अतिथियों को अंगवस्त्र से सम्मानित किया।




कार्यक्रम में लोक गायक व शिक्षक उमेश सिंह ने अपने संबोधन में छात्र व छात्राओं को नैतिकवान और गुणवान बनने के लिए प्रेरित किया। वहीं उन्होंने अंत में सभी को नशा से दूर रहने का शपथ भी दिलवाया। इसी दौरान शिक्षक वीर बहादुर यादव, पंडित धनंजय दुबे आदि ने अपने संबोधन में बच्चों को जीवन के पथ पर हमेशा संघर्षशील रहकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया तथा उनका हौसला बढ़ाया। वहीं दर्जनों छात्रों ने अपने गुरु बी के भारतीय को अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान छात्र हेमंत कुमार यादव, अविनाश कुमार, सुमित कुमार, अमित कुमार, मोहित कुमार, नीरज कुमार, राजीव कुमार यादव, सूरज कुमार सिंह, अनीश कुमार सिंह, छात्रा सोनल कुमारी, रागिनी कुमारी, साक्षी कुमारी सिंह, शिखा कुमारी, शिखा कुमारी सिंह, तनु कुमारी, नीतू कुमारी, लवली कुमारी, सीमा कुमारी, सिया कुमारी को अतिथियों ने मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षक वीरबहादूर यादव व मंच संचालन शिक्षक व कवि विजेंद्र कुमार तिवारी ने किया। उक्त कार्यक्रम में शिक्षक राहुल कुमार सहित सैकड़ों छात्र छात्राओं के साथ अभिभावक भी मौजूद रहे।

## शोभेपुर गांव के एक युवक की ट्रक की ठोकर से गड़खा में मौत

**सोनपुर।** नयागांव थाना क्षेत्र के डुमरी बुजुर्ग पंचायत शोभेपुर गांव में उसे समय हाहाकार मच गया जब गाँव के एक लड़का के ट्रक चालक ने गरखा में ठोकर मार कर मौत की नींद सोमवार को सुला दिया। उक्त बात की जानकारी देते हुए वार्ड सदस्य छठु महतो , समाज सेवी विष्णु तिवारी ,पंचायत के सरपंच जितेंद्र ठाकुर ने इस घटना की जानकारी देते हुए बताया कि मृतक सूरज गुप्ता उम्र 23 वर्ष करीब पिता अजय गुप्ता घर शोभेपुर वार्ड 3 के निवासी है । यह अपने घर से मोटरसाइकिल से वह गरखा जा रहा था इसी दौरान गरखा थाना क्षेत्र के मीठापुर गांव के पास ट्रक चालक ने तेज रफ्तार से आते हुए ठोकर मार्ग उसे घटनास्थल पर ही मौत की नींद सुला कर ट्रक चालक ट्रक छोड़कर भागने में सफल रहा । इस घटना के बाद से वहां भीड़ लग गई और लोगों में हाहाकार मच गया । इस घटना की जानकारी देते हुए गरखा पुलिस ने नायगांव पुलिस को दी जहां पुलिस ने इस घटना की जानकारी मृतक के परिवार जनों को दी । मृतक के परिवार रोते बिलखते हुए गरखा पहुंचा । जहां पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम करा कर उसका अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया वहीं सरपंच एवं वार्ड सदस्य ने बताया कि मृतक का शादी जुलाई महीने में होने वाला था ।मृतक दो भाई था जिसमें मृतक बड़ा था।मृतक के पिता मजदूरी के कार्य करते हैं जबकि मृतक सूरज कुमार नयागांव बाजार में एक कपड़ा की दुकान खोले हुए था ।पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौप दिया । पोस्टमार्टम होने के बाद जैसे ही गांव में शव पहुंचा वैसे ही गांव में हाहाकार मच गया परिवार जनों को रो -रो के बुरा हाल है।

## पूर्व विधायक को आजीवन कारावास की सजा पर गांव में पसरा सन्नाटा

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** 28 साल बाद सारण जिले के पानापुर के तुर्की गांव निवासी व्यापारी शत्रुघ्न प्रसाद गुप्ता की अपहरण और बाद में हत्या के केस में मशरक के पूर्व विधायक तारकेश्वर सिंह को छपरा एमपी/एमएलए कोर्ट ने सोमवार को आजीवन कारावास और 20 हजार अर्थदंड की सजा सुनायी। सजा की खबर गांव में परिजनों को मिलते ही सन्नाटा पसर गया, वहीं गांव समेत अन्य इलाकों में शुभचिंतकों ने भी अपने पीड़ा का इजहार किया। आपको बताते चले कि 1996 में पानापुर थाना क्षेत्र के तुर्की निवासी व्यापारी शत्रुघ्न



साह का अपहरण के दो दिन बाद शव मिलने पर पूर्व विधायक समेत दो अन्य के खिलाफ पानापुर थाना में प्राथमिकी कांड संख्या 9/96 दर्ज कराई गई। जिसमें सत्र वाद 588/09 की सुनवाई के बाद एमपी एमएलए विशेष कोर्ट के न्यायाधीश सुधीर सिन्हा ने बीते 19 अप्रैल दो अभियुक्तो को निर्दोष बताते हुए बरी कर दिया वहीं मशरक के पूर्व विधायक तारकेश्वर सिंह को दोषी करार दिया गया । कोर्ट के द्वारा इस फैसले को सुरक्षित रखते हुए 29 अप्रैल सोमवार को विडियो कांफ्रेंसिंग से आजीवन कारावास? और 20 हजार अर्थदंड की सजा सुनाई।

## अग्निकांड पीड़ित को सौंपा गया मुआवजा का चेक



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के मुन्नी मोड़ पर बीते दिनों पहले करकटनुमा मकान में खाना बनाने के दौरान उड़ी चिंगारी से आग लग गई थी जिसमें खाना बनाने का सामान, बिछावन समेत अन्य सामान जल गया था। सोमवार को अंचल कार्यालय परिसर में सीओ सुमंत कुमार ने पीड़ित परिवार के मुखिया आशा देवी को आपदा प्रबंधन विभाग की तरफ से मुवाअजा का 12 हजार रुपए का चेक सौंपा। मौके पर पूर्व मुखिया प्रतिनिधि अमर सिंह मौजूद रहें।

## महाराजगंज से पीपीआईडी से त्रिभुवन राम ने किया नामांकन

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के लखनपुर गोलम्बर पर अवस्थित बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर महाराजगंज लोकसभा से नामांकन के लिए छपरा रवाना हुए पीपीआईडी ( पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक के प्रत्याशी त्रिभुवन राम। वे महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र के बसंतपुर थाना क्षेत्र के हुसेपुरनंद गांव के रहने वाले हैं।




## आग में अरहर व गेहूं के सैकड़ों बोझे जलकर नष्ट

**मांझी(सारण)।** दाउदपुर थाना क्षेत्र के गोबरही टोला के बधार में सोमवार को दोपहर में अचानक बिजली के शार्ट सर्किट से लगी आग में अरहर व गेहूं के सैकड़ों बोझे जलकर नष्ट हो गए। साथ में भूसा के कई ढ़ेर भी जलकर राख हो गए। बताया जाता है की तेज पछुआ हवा के कारण आग तेजी से बगल के खेतों में रखे अरहर व गेहूं के बोझे को चपेट में ले लिया। आग का विकराल रूप देख किसानों में अफरा-तफरी मच गई। शोर सुनकर बड़ी संख्या में आस-पास के ग्रामीण किसान जुट गए और आग पर काबू पाने का प्रयास करने लगे। तेज धूप के बीच उठ रही तेज लपटों के कारण ग्रामीणों के आग बुझाने में पसीने छूट रहे थे। इस बीच ग्रामीणों ने दाउदपुर थाना पुलिस को अगलगी की सूचना दी। जिसके बाद पहुंचे मिनी फायर बिग्रेड वाहन व ग्रामीणों की सहायता से आग पर काबू पा लिया गया। आगलगी से पीड़ित किसानों में सरपंच भरत सिंह के एक बीघा की गेहूं के करीब डेढ़ सौ बोझें व दर्जनों अरहर के बोझे जल कर नष्ट हो गए है। वहीं ग्रामीण बृजनंदन सिंह के करीब एक बीघे की अरहर के सैकड़ों बोझे, ओपी सिंह के आठ कट्ठा की अरहर तथा वीरेश सिंह के भी करीब तीन कट्ठा के अरहर के फसल जलाकर राख हो गए। पीड़ित किसानों ने बताया कि फसल काटकर खेत में रखा गया था जिसका आज कल में ही दवनी व पिटनी होने वाली थी तभी अचानक शार्ट सर्किट से लगी आग से तैयार फसल जलकर राख हो गई। घटना की जानकारी पीड़ित ग्रामीणों ने मांझी सीओ को देकर उचित सरकारी सहायता की मांग की है।

# छात्र-छात्राओं की नियमित उपस्थिति करें सुनिश्चित, महाविद्यालयों में शैक्षणिक वातावरण का हो निर्माण : कुलपति

## जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति ने किया राजेंद्र कॉलेज एवं जगलाल चौधरी कॉलेज का औचक निरीक्षण

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** जे पी यू के कुलपति प्रो. परमेन्द्र कुमार बाजपेयी ने कहा कि महाविद्यालयों में छात्र-छात्राओं की नियमित उपस्थिति हर हाल में सुनिश्चित की जाय। प्राध्यापक महाविद्यालय के रूटीन के मुताबिक वर्गों को संचालित करें और हर महाविद्यालय की प्रयोगशालाओं में प्रायोगिक कक्षाओं का नियमित रूप से संचालन हो जिससे महाविद्यालयों में दिनानुदिन शैक्षणिक सुधार परिलक्षित हो। कुलपति ने उक्त बातें उत्तरपुस्तिका मूल्यांकन केंद्र, विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर विभागों व राजेंद्र कॉलेज तथा जगलाल चौधरी कॉलेज के औचक निरीक्षण करने के दौरान कही। कुलपति ने कहा कि इन कार्यों में महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय स्तर से हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि परीक्षाओं और उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन में पूर्ण पारदर्शिता और शुचिता बरकरार रखी जाय। पठन-पाठन के स्तर में सतत सुधार की प्रक्रिया निरंतर चलती रहनी चाहिए ताकि शैक्षणिक सुधार होता रहे। उन्होंने आह्वान




किया कि आधारभूत संरचनाओं के विकास के लिए भी हर कोई प्रयास करे ताकि विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों की आधारभूत संरचनाओं को सुदृढ किया जा सके।इससे पहले उन्होंने विश्वविद्यालय परीक्षा भवन में चल रही उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य की समीक्षा की। उन्होंने मूल्यांकन कार्य कर रहे प्राध्यापकों से पूछा कि उन्हें कोई परेशानी तो नहीं हो रही। उन्होंने वहां की समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए। इसके पश्चात कुलपति ने जगलाल चौधरी महाविद्यालय का औचक निरीक्षण किया। वहां उन्होंने प्रयोगशाला की जांच की और निर्देश दिया कि भौतिकी की प्रयोगशाला में प्रयोग सामग्री को व्यवस्थित रूप से रखा जाय ताकि विद्यार्थी प्रयोग कर सकें।

साथ ही राजेंद्र कॉलेज का औचक निरीक्षण भी कुलपति ने किया। वहां आंतरिक परीक्षा चल रही थी। वहां उन्होंने प्रयोगशालाओं सहित अन्य विभागों का बारीकी से जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए।



# नरांव टोला में ग्यारह दिवसीय रुद्र महायज्ञ शुरू

**दैनिक खोज खबर/डोरीगंज(सारण)।** जिले के कोठियां-नरांव अवस्थित नरांव टोला में नर्मदेश्वर महादेव मन्दिर मे आयोजित ग्यारह दिवसीय रुद्र महायज्ञ की शुरुआत शनिवार को जलभरी के साथ शुरूआत हुई जो 7 मई को समाप्त होगी ।इस महायज्ञ मे वाराणसी से आए आचार्य द्वारा पूर्ण विधि-विधान से अग्नि प्रज्वलित किया गया।यज्ञ मे निःशुल्क चिकित्सा शिविर व निःशुल्क आर ओ के शीतल जल प्याऊ सेवा केन्द्र का उद्घाटन सूर्यनारायण मन्दिर के पूजेडी व शिविर मे आये आधा दर्जन से अधिक एम बी बी एस फिजिशियन व सर्जन डांक्टरों द्वारा संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर शंखनाद के सांथ शुरु हुआ।यह शिविर यज्ञ परिसर मे 24वों घंटे अपनी सेवा देगी। शुबह मे परिक्रमा,सांय मे प्रवचन एंव मेले मे भक्तो की संख्या देखते बन रही है।कोठियां-नरांव क्षेत्र के नरांव टोला,मदनपुर, धनौरा,सप्तापुर,नवतन,धरमबागी, चैनपुरवा मुसेपुर, संठा गांव के भक्त तन मन से समर्पित होकर यज्ञ की सफलता के लिए जी-जान से लगे हुए है।

# दो दिवसीय अखंड अष्टयाम भव्य कलशयात्रा के साथ शुरू

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के गोपाल वाड़ी गांव में बेलवाड़ी ब्रहम बाबा स्थान पर दो दिवसीय अखंड अष्टयाम भव्य कलशयात्रा से शुभारम्भ की गयी। आचार्य कृष्णा तिवारी,नीरज तिवारी ने यजमान नगर पंचायत राजद अध्यक्ष विरेन्द्र यादव और धर्मपत्नी संजू देवी की मौजूदगी में पीला वस्त्र धारण किए कन्याओं और महिलाओं को कलश सौंपा और यज्ञ परिसर से मंत्रोच्चार से कलशयात्रा का शुभारंभ किया गया जो स्टेशन रोड, सतीवारतीर होते हुए घोघाड़ी नदी के घाट पर पहुंची जहां विधिवत पूजा अर्चना के बाद पवित्र कलश में जलबोझी कराई गई। पुनः कलशयात्रा थाना परिसर, अस्पताल चौक,सिदधात्री चौंक, महावीर चौक और महाराणा प्रताप चौंक होते हुए यज्ञ मंडप में पहुंची जहां विधिवत पूजा अर्चना कर दो दिवसीय अखंड अष्टयाम का भव्य शुभारंभ किया गया। मौके पर पश्चिमी सरपंच बिनोद प्रसाद, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि सूरज राम,अभय कुमार सिंह, साहेब राय, दिनेश राय,विजय राय, रामचंद्र राय, छोटेलाल राय समेत अन्य मौजूद रहें।



# बारात में हुई दो पक्ष के विवाद के बाद घर पर सोए व्यक्ति की रड से मारकर की हत्या

## माही मनीषा के डांस प्रोग्राम में हुई नोकझोंक, रात्रि में सोए पैक्स अध्यक्ष के चाचा को रड से मारकर उतारा मौत के घाट

**परसा(सारण)।** थाना क्षेत्र के लतरहिया गांव में आई बारात में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान दो पक्षों के बीच हुई नोक झोंक से हुई मामले की शुरुआत के बाद असामाजिक तत्वों ने रात्रि में सोए व्यक्ति को रड से मारकर हत्या कर दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है।घटना की सूचना मिलते ही स्वजनों के रोदन क्रंदन से कोहराम मच गया।घटना बीते रविवार देर रात्रि की है।मृतक बलिगाव पैक्स अध्यक्ष बिंदु राय का चाचा शिवजी राय 58 वर्षीय बताए गए है।जो पुनीत राय के पुत्र बताए गए है।शिवजी राय ट्रक चालक का काम करते थे।मिली जानकारी के अनुसार गांव में आई बारात में डांस प्रोग्राम देखने को लेकर दो पक्षों में नोक झोंक हुआ।और इसके शिवजी राय अपने गांव स्थित नव मकान निर्माण हेतु दिए गए नीव स्थान पर पलानीनुमा घर में सोए पड़े थे।कि दो लोग अचानक आए और शिवजी राय को खोजने लगे और बिछावन पर सोए अवस्था में शिवजी राय पर रड से प्रहार कर दिया।और जब दोनो पति पत्नी चिल्लाने लगे तो वे दोनो युवक भाग निकले।स्वजन आनन फानन में जख्मी शिवजी राय को उपचार के लिए परसा सामुदायिक अस्पताल लाया।जहा चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के उपरांत चिकित्सक ने चिंताजनक स्थिति में पीएमसीएच रेफर कर दिया।करीब तीन बजे रात्रि में पीएमसीएच में इलाज के दौरान मौत हो गई।घटना की सूचना पर पत्नी मीना देवी,भाई भुनेश्वर राय,जयनाथ राय,परसन राय,पूजन राय,भुटेली राय,भतीजा बिंदु राय,पुत्र अरुण राय,राजू राय,नितेश राय,रोहित कुमार,पुत्री विगन देवी,रिंकी देवी का रो रो कर बुरा हाल है।वही पूरे गांव में मातम का माहौल है।

# जमीन की मापी के दौरान चाकूबाजी व मारपीट में दस लोग घायल, पूर्व प्रमुख सहित छह लोग नामजद

**तरैया (सारण)।** थाना क्षेत्र के गंडार गांव में जमीन की मापी के दौरान हुई चाकूबाजी व मारपीट की घटना में दस लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये हैं। घायलों में ललिता देवी को रेफरल अस्पताल तरैया में प्राथमिक उपचार कर पीएमसीएच रेफर कर दिया गया है। वहीं घायल जगलाल राय, शिक्षक नागेंद्र राय का उपचार कर छपरा सदर अस्पताल में कराया गया है। जबकि अन्य घायलों में पूर्व प्रमुख धर्मेंद्र राय, उपेन्द्र कुमार यादव, मुकेश कुमार यादव, अभिषेक कुमार, सुशीला देवी, उमेश कुमार का इलाज चल रहा है। इस सम्बंध में स्थानीय थाने में घायल जगलाल राय ने प्राथमिकी दर्ज कराकर पूर्व प्रमुख धर्मेंद्र राय सहित छह लोगों को नामजद किया है। उक्त लोगों पर सीसीटीवी कैमरा तोड़ फोड़ व पैकेट से 2700 रूपये निकालने तथा चेन छीनने का आरोप लगाया गय है। वहीं घायल ललिता देवी ने अपनी प्राथमिकी में पांच लोगों को नामजद की है। उक्त लोगों पर कपड़ा फाड़कर मारपीट कर मंगलसूत्र छीनने का आरोप लगाया है। जबकि तीसरा घायल उपेन्द्र कुमार यादव ने अपनी प्राथमिकी में छह लोगों को नामजद किया है। उक्त लोगों पर चेन व मंगलसूत्र छीनने का आरोप लगाया गया है। फिलहाल पुलिस अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन में जुट गई है।

# नायगांव पुलिस ने देसी शराब बरामद करते हुए दो युवक को गिरफ्तार कर भेजा जेल

सोनपुर। नयागांव थाना क्षेत्र के शोभेपुर दियारा क्षेत्र में नयागांव पुलिस ने छापामारी कर 170 लीटर देसी शराब बरामद करते हुए दो धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया। इस बात की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा ने सोमवार को बताया कि गिरफ्तार शराब धंधेबाज शत्रुघ्न पासवान व दीप महतो है। दोनों शराब धंधेबाज को छपरा जेल भेज दिया गया है।

# ट्रक ने रेलवे ढाला को तोड़कर किया क्षतिग्रस्त ,पुलिस ने किया जप्त

**सोनपुर।** सोनपुर-परमानंदपुर रेलखंड के गेट नंबर 04 के पूरबी बूम को एक ट्रक चालक द्वारा ठोकर मार कर क्षतिग्रस्त कर दिया । इस बात की जनकारी देते हुए आरपीएफ इंस्पेक्टर रूपेश कुमार ने सोमवार को बताया कि

रेलवे ढाला पर कार्यरत रेल गेटमैन नागेंद्र कुमार राय ने पुलिस को बताया कि रविवार को ट्रक संख्या यूपी 52ड्ढ 2175 सोनपुर की ओर तेजी से जाकर, गिरते हुए पूरबी बूम में धक्का मार दिया जिससे पूरबी बूम छतिग्रस्त हो गया। ट्रक चालक ट्रक को छोड़कर फरार हो गया । पुलिस ने ट्रक को जप्त कर लिया है ।

# 34 लीटर देशी शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार, एक शराबी भी गिरफ्तार

**नगरा(सारण )।** खैरा थाना क्षेत्र के जगदीशपुर में पुलिस ने छापेमारी कर 34 लीटर देशी शराब के साथ धंधेबाज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार धंधेबाज उक्त गांव के दिनेश मांझी बताया जाता हैं तथा शराबी मढ़ौरा थाना क्षेत्र के धेनुकी निवासी संजय कुमार साह बताया जाता हैं। इस संबंध में थानाध्यक्ष अनिमा राणा ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 34 लीटर देशी शराब के साथ धंधेबाज व एक शराबी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# सोनपुर पुलिस ने चार अवैध बालू लदे 4 ट्रक को जप्त करते हुए एक चालक को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**सोनपुर ।** सोनपुर पुलिस ने एनएच 19 के मरछिया देवी चौक स्थित वाहन चेकिंग के दौरान अवैध रूप से बालू लदे चार ट्रक को सोनपुर पुलिस ने जप्त करते हुए मौके पर एक चालक को गिरफ्तार कर लिया । मौके का फायदा उठाकर अन्य ट्रक चालक फरार हो गया । थानाध्यक्ष ने यह भी सोमवार को बताया कि गिरफ्तार चालक दिनेश कुमार पिता मोहन शाह घर धनुषी थाना क्टहरा जिला वैशाली को सोमवार को जेल भेज दिया गया है।

# स्नातकोत्तर द्वितीय एवं तृतीय सेमेस्टर परीक्षा प्रपत्र भरने की तिथि विस्तारित

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** सोमवार को जयप्रकाश विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर द्वितीय एवं तृतीय सेमेस्टर परीक्षा प्रपत्र भरने की तिथि विस्तारित कर दी गई है। कुलपति प्रो. परमेन्द्र कुमार बाजपेई ने छात्रहित में यह आदेश जारी किया है।गौरतलब है कि सत्र 2021-23 के द्वितीय सेमेस्टर तथा सत्र 2020-22 के तृतीय सेमेस्टर के परीक्षा प्रपत्र भरने की अंतिम तिथि 27 अप्रैल 2024 थी किंतु कुछ परीक्षार्थी परीक्षा प्रपत्र भरने से वंचित हो गए थे। कुलपति के संज्ञान में यह बात आई तो उन्होंने छात्रहित में परीक्षा प्रपत्र भरने की तिथि को 30 अप्रैल 2024 तक विस्तारित करने का आदेश दिया है।

## सारण से राजद प्रत्याशी रोहणी आचार्या ने भरा नामांकन पर्चा, नामांकन में लालू-तेजस्वी भी छपरा पहुंचें




**दैनिक खोज खबर/छपरा।** 20-सारण लोकसभा क्षेत्र से सोमवर को राजद के रोहणी आचार्या समेत तीन प्रत्याशियों ने नमांकन पत्र दाखिल किया।नामांकन दाखिल करने वाले प्रत्याशी में राष्ट्रीय जनता दल के रोहणी आचार्या, भारतीय लोक चेतना पार्टी के राजेश कुशवाहा एवं निर्दलीय मो0 सलीम का नाम शामिल हैं। राजद प्रत्याशी रोहणी आचार्या के नामांकन में राजद सुप्रीमो लालू यादव, पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव, पूर्व मंत्री तेजप्रताप यादव समेत कई राजद के पूर्व मंत्री व विधायक नामांकन में शामिल होने छपरा पहुंचें थे। नामांकन के उपरांत समारोह में लालू और तेजस्वी ने जमकर भाजपा के विरोध में अपनी बाते कहीं।

# एनडीए प्रत्याशी जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने अपने नामांकन में शामिल होने के लिए दिया निमंत्रण

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी व निवर्तमान सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने अपने नामांकन में शामिल होने के लिए निमंत्रण-पत्र का वितरण किया। यह निमंत्रण कार्यक्रम सोमवार को दोपहर में इसुआपुर प्रखंड के उसरी कला शिव मंदिर से प्रारंभ हुई जो कि निपानिया, टेढ़ा, भटौरा, गवन्द्री, नेवारी, मुरलीपुर, फेनहरा गद्दी, छपिया, रसौली, पानापुर होते हुए मोहम्मदपुर बाजार तक गई। इस दौरान महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र के निवर्तमान सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने अपने नामांकन को लेकर लोगों से अपील की एवं नामांकन में शामिल होने के लिए अपना निमंत्रण दिया। इस दौरान बैंड-बाजे के साथ एनडीए कार्यकर्ता जगह-जगह अपने प्रत्याशी का फूल-मालाओं से स्वागत कर रहे थे। निमंत्रण कार्यक्रम में इसुआपुर जिला पार्षद सह भाजपा नेत्री प्रियंका सिंह, धीरज सिंह, संजय सिंह, संजीव सिंह, राजीव रंजन उर्फ टुल्लू, दिलीप राम, जगा सहनी, धरीछन महतो, समेत दर्जनों कार्यकर्ता उनके साथ निमंत्रण कार्यक्रम में शामिल थे।

# उच्च क्षमता के दो विधुत पोल में अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक छपरा एस एच 90 पर मशरक थाना क्षेत्र के केन्द्रीय विद्यालय के मुख्य गेट पर अनियंत्रित अज्ञात वाहन ने उच्च क्षमता के दो विधुत पोल में टक्कर मार दी और फरार हो गया जिसमें विभाग को 1 लाख 68 हजार 8 सौ 30 रूपए की क्षति हुई है। मामले में कनीय विधुत अभियंता आपूर्ति इसुआपुर मनोज कुमार वर्मा ने दर्ज प्राथमिकी में बताया कि ग्रामीणों के द्वारा सूचना मिली की मशरक पावर सब स्टेशन से इसुआपुर इलाके के गांवों को जा रहें उच्च क्षमता के विधुत पोल जो लोहे का हैं उसमें अनियंत्रित अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी और फरार हो गया। मौके पर पहुंच देखा गया तो दो लोहे के विधुत पोल बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए हैं जिन्हें अभिलंब मरम्मत कार्य कराया गया वहीं जांच में पाया गया कि विभाग को 1 लाख 68 हजार 8 सौ 30 रूपए की क्षति हुई है ?। मामले में विधुत विभाग ने अज्ञात चालक के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

# सोनपुर में रुडी का जनसंपर्क, ढ़ोल नगाड़े के साथ हुआ स्वागत



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर ।** सारण लोकसभा क्षेत्र से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन से भाजपा प्रत्याशी राजीव प्रताप रुडी ने सोमवार को को सोनपुर विधानसभा क्षेत्र के गाँवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान कई जगहों पर लोगों ने उन्हें फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। रुडी ने हर दिन की तरह सोमवार को सोनपुर विधानसभा क्षेत्र के गंगाजल, चौसिया, खरीका, सप्ताचौक, नवडीहा, कसमर, कर्णपुरा कसमर, सैदपुर, रहिमपुर, परमानंदपुर, मुर्थान, हरपुरनंद, चतुरपुर, बाजितपुर, महदलीचक, गोपालपुर, हसनपुर में जनसंवाद किया।जनसंपर्क के दौरान हर एक गांवों में रुडी का भाजपा और सहयोगी दल जदयू, लोजपा, हम और रालोम के कार्यकर्ताओं के साथ ग्रामीणों ने फूल माला पहना कर और कई जगह आरती उतारकर कर अभिनंदन किया। प्रचंड गर्मी और तेज धूप के बावजूद बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उपस्थित होकर रुडी की बातों को सुना और आने वाले चुनाव में भाजपा और उनके पक्ष में मतदान कर फिर एक बार मोदी सरकार बनाने का संकल्प लिया। सांसद ने कहा कि पिछले 10 साल में मोदी सरकार में देश में कई बड़े कार्य हुए है जिससे जीवन आसान हुआ है। जिस प्रकार देश में जनता को मोदी की गारंटी मिली है उसी प्रकार सारणवासियों को रुडी की गारंटी मिली है।

# भेल्दी के रायपुरा में अखण्ड अष्टयाम को ले निकाली गई भव्य कलश यात्रा

**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।** अमनौर प्रखण्ड के रायपुरा भगवती मंदिर परिसर में 24 घंटे के अखण्ड अष्टयाम को लेकर सोमवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई।कलश यात्रा यज्ञ स्थल से शुरू होकर रायपुरा गड़खा बाजार होते स्थित गड़खा सूर्य मंदिर पर पहुंची जहां आचार्य पंडित अजय कुमार त्रिपाठी के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश में पवित्र गंगा की जलभरी की गई।हाथी,घोड़े बैंड बाजे के साथ निकाली गई भव्य कलश यात्रा में सैकड़ों नर-नारियों ने भाग लिया।जय श्रीराम जय हनुमान के जयघोष से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा।डीजे के धून पर श्रद्धालु झूमते हुए नजर आ रहे थे।कलश यात्रा में भव्य झांकी भी आकर्षण का केन्द्र बना हुआ था।कलश यात्रा में रायपुरा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मदन सिंह,राजद नेत्री पूनम राय,बजरंग मिश्रा,कृष्णा दूबे,हरेश्वर मांझी,मिथिलेश मांझी,देवेन्द्र मांझी,शिवकुमार मांझी,पन्नालाल,छोटेलाल आदि शामिल थे।पूर्णाहुति के मौके पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है।



# गैस रिसाव होने से लगी आग, सात लाख की संपत्ति जलकर राख

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** जीबी नगर थाना क्षेत्र के हकमा गांव में शनिवार की शाम गैस रिसाव होने से हुई अगलगी में घर में रखे अनाज, कपड़ा, आभूषण समेत करीब सात लाख की संपत्ति जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना अग्निशमन विभाग को दी। अग्निशमन विभाग की गाड़ी पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाई।पीड़ित हकमा निवासी पवन कुमार सिंह ने बताया कि शनिवार की शाम उनकी पत्नी घर में गैस पर खाना बना रही थी। तभी सिलेंडर से गैस रिसाव होने लगा। वह कुछ समझ पाती आग कमरे में फैलने लगा। वह कमरे से बाहर आकर शोर मचाने लगी। जब तक अंदर पहुंच आग पर काबू पाने का प्रयास किया जाता आग पूरे कमरे को अपनी चपेट में ले लिया था। आग की भयावहता को देखते घटना की सूचना अग्निशमन विभाग को दी गई। कुछ देर में अग्निशमन विभाग की गाड़ी पहुंचती तब तक घर में रखे अनाज, कपड़ा, पलंग, पंखा, कपड़ा, आभूषण, घर का कागजात समेत करीब सात लाख की संपत्ति जलकर राख हो गई। इस घटना में आग बुझाने के दौरान पड़ोसी अभय कुमार सिंह उर्फ मनीष



सिंह भी झुलसने से घायल हो गए। उनका इलाज सिवान अस्पताल में कराया गया। बाद में अग्निशमन विभाग द्वारा ग्रामीणों की मदद से किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका। पीड़ित ने बताया कि इस घटना के बाद पूरा परिवार खुले आसमान के नीचे आ गया है। घर में खाने व कपड़ा पहनने के लिए कुछ भी नहीं बचा है। इस कारण पत्नी व तीन बच्चों के परवरिश का संकट आ गया है। इस मामले में जीबी नगर थाना एवं अंचल कार्यालय को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।

## भीषण गर्मी में विद्युत कटौती से लोग परेशान

**सिवान :** जिले में में उमस भरी गर्मी के बीच बिजली की हो रही अनियमित आपूर्ति से लोग परेशान हैं। बिजली की आपूर्ति में ऐसे समय में अनियमित हुई है जब आसमान से सूर्य आग उगल रहा है। प्रखंड के जामो बाजार के लोग तो और भी परेशान हैं। जामो निवासी राजेश गुप्ता, टिंकू मोदनवाल, कौशर अली, संतोष गुप्ता, राजेश शर्मा, फिजु आलम आदि ने बताया कि जामो बाजार थाने के पीछे लगे ट्रांसफार्मर पर क्षमता से अधिक लोड दे दिया गया है। बिजली विभाग के अधिकारियों से कई बार समस्या से अवगत कराने के बावजूद आश्वासन के सिवा समस्या का समाधान नहीं किया गया। ट्रांसफार्मर पर अधिक लोड होने के कारण बार-बार फ्यूज उड़ने की समस्या सामने आती है। ऐसे समय में जब दिन में तापमान 43 डिग्री तक पहुंच रहा है, रोजाना 10 से 15 बार फ्यूज उड़ने की घटना हो रही है। वहीं क्षेत्र में जर्जर तारों से ही बिजली की आपूर्ति की जाती है। बाजार में कई बार तार टूटने की घटना हो चुकी है। सबकुछ जानने के बाद भी कंपनी के अधिकारियों का एक ही जवाब होता है कि जल्द ही समस्या का निदान होगा जबकि यह जवाब सुन क्षेत्र के लोगों के कान पक गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि पहले चंदौली से जामो बाजार की बिजली आपूर्ति होती थी, जो अब डुमरा से होने लगी। रात में भी आपूर्ति बाधित होने से लोग परेशान हैं।

## अलग-अलग गांवों में हुई अगलगी की घटना में 30 से अधिक घर जले, गांव में मची अफरातफरी

**भगवानपुर हाट (सिवान) :** थाना क्षेत्र के तीन गांवों रतन पड़ौली, पंडित के रामपुर व बनपुरा चंवर में सोमवार को आग लगने से गांव में अफरातफरी मच गई। इस घटना में 30 से अधिक घर जलने तथा 50 लाख से अधिक की संपत्ति नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। अग्निशमन विभाग की टीम पहुंच ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाने में सफल हुई। समाचार प्रेषण तक आग लगने के कारण का पता नहीं चल पाया है।

जानकारी के अनुसार सराय पड़ौली पंचायत के रतन पड़ौली गांव के शेख टोली व बनवारी टोला में स्थित बसवारी में अचानक आग लगने से अफरातफरी मच गई। अभी ग्रामीण कुछ समझ पाते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। देखते ही देखते आग रतन पडौली बलिराम महतो, कैलाश महतो, राम कैलाश महतो, रामनाथ महतो, गौतम यादव, बैजनाथ यादव, मनोज यादव, जीतन यादव, विश्वनाथ महतो, हरिलाल महतो, महंत महतो, रामजी महतो, सफी मियां, सवालिया महतो, राजू महतो, देवसागर महतो, शेख हाशिम, आफताब अहमद, ताहा हुसैन, अब्दुल खालिक, अब्दुल बारी, रामजी महतो सहित गांव के करीब तीस घरों को अपनी चपेट में ले लिया। आग गांव के पश्चिम तरफ बनवारी टोला से शुरू हुई और तेज पछुआ हवा के कारण यह पूरब की तरफ फैलती चली गई। लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल घर से जरूरी सामानों को बाहर सुरक्षित स्थानों पर रखने में जुट गए। आग की चपेट में आने से कई पेड़ भी झुलस गए। इससे लोगों के घर और घरों में रखे सभी अनाज, कपड़ा, बर्तन, भूसा, पुआल, जलावन समेत अन्य सामान जलकर राख हो गया। इस घटना में करीब 10 बकरियों के भी झुलसने की सूचना थी। इसकी सूचना ग्रामीणों ने अग्निशमन विभाग को दी। सूचना पर बसंतपुर एवं महाराजगंज से दमकल की दो गाड़ियां पहुंची, लेकिन आग की विकराल रूप के सामने दमकल नाकाम रही। समाचार प्रेषण तक आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा था। आग लगने की सूचना मिलने पर सीओ धीरज कुमार पांडेय, हल्का कर्मचारी बच्चा लाल यादव, दिव्य प्रकाश, पुलिस बल के साथ पहुंचकर लोगों की सहायता करने व क्षति का आकलन करने में जुटे हुए हैं। गौतम यादव, बैजनाथ यादव का सबसे अधिक नुकसान होने की बात कही जा रही है। वहीं पंडित के रामपुर व बनपुरा चंवर में में गेहूं के पुआल व झाड़ी में आग लगने से अफरातफरी मच गई। बाद में ग्रामीणों की मदद से किसी तरह आग पर काबू पा लिया गया। इस घटना में विशेष क्षति की सूचना नहीं है।

## बड़हरिया: सीसी कैमरा से होने लगी बड़हरिया नगर पंचायत क्षेत्र की निगरानी

**परवेज अख्तर/ सिवान।** अब बड़हरिया नगर पंचायत की निगरानी सीसी कैमरे के माध्यम से की जा रही है। 48 सीसी कैमरा पूरे क्षेत्र में लगाए गए हैं। इससे आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगेगा। इस संबंध नगर पंचायत अध्यक्ष रुखसाना परवीन के हवाले से उनके प्रतिनिधि नसीम अख्तर ने बताया कि बड़हरिया में 48 सीसी कैमरे लगाए गए हैं इससे सारी गतिविधियां कैमरों में कैद होगी और उसका नियंत्रण कक्ष बड़हरिया थाना तथा नगर पंचायत कार्यालय में बनाया गया है। थाना कार्यालय तथा बड़हरिया नगर पंचायत के कार्यालय से ही सारी गतिविधियों को देखा जा सकेगा और संदिग्ध लोगों की पहचान की जाएगी। कार्यपालक पदाधिकारी अरविंद कुमार और प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रणव कुमार गिरि ने बताया कि बड़हरिया में अब आपराधिक घटनाओं की निगरानी में आसानी होगी। थानाध्यक्ष रूपेश कुमार वर्मा ने बताया कि बड़हरिया थाना चौक, जामो चौक, खानपुर मोड़, मीरगंज मोड़, सुरहिया-जामो रोड, तरवारा रोड, सिवान रोड समेत अन्य संवेदनशील जगहों पर सीसी कैमरा लगाया गया है। इसी के माध्यम से संवेदनशील जगहों पर विशेष नजर रखी जा रही है। अब इस प्रोजेक्ट के पूरा हो जाने के बाद नगर पंचायत बड़हरिया के सभी वार्ड क्षेत्र में भी सीसी कैमरे लगाए जाएंगे ताकि प्रत्येक छोटी-बड़ी गतिविधियों को कैद किया जा सके। इसके लिए जल्द ही प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

## पंचदेवरी के तीन गांवों में लगी आग, एक दर्जन घर जलकर राख

### ग्रामीणों के काफी मशक्कत के बाद आग पर पाया गया काबू

**पंचदेवरी(गोपालगंज)।** पंचदेवरी के तीन अलग-अलग गांवों में हुई अगलगी की घटना में एक दर्जन घर जलकर राख हो गये.पीड़ित परिवारों को काफी नुकसान हुआ है.अगलगी की पहली घटना रविवार की देर रात सेमरिया टोला बैसिया में हुई.यहां बिजली के शार्ट- सर्किट से आग लगने की बात बतायी जा रही है.इस घटना में चार आवासीय व तीन गैर आवासीय घर जलकर राख हो गये.पीड़ितों में भरत मांझी, प्रेम गोंड़, सरजनी देवी, प्रियंका देवी, उमा गोंड़, हरि साह व रामविलास मांझी शामिल हैं.दूसरी घटना सोमवार की दोपहर मस्जिद टोला सिधरियां में हुई. यहां खलील अंसारी, जमीर अंसारी, उमेश मांझी तथा सगीर अंसारी के घर जल गये.अभी दमकल व ग्रामीण यहां आग बुझा ही रहे थे, तब तक बातल चोरहा में आग लग गयी.यहां हदीश अंसारी व मुस्तकीम अंसारी के घर जल गये.तीनों गांवों में काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया.प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सभी पीड़ित परिवारों को काफी क्षति हुई है. इनके घरों में रखे अनाज, गहना, कपड़े सहित सभी सामान जल गये हैं.अगलगी की इन घटनाओं में कई बकरियों के जलने की भी सूचना है.घटना के बाद पीड़ित परिवारों के सामने कई समस्याएं उत्पन्न हो गयी हैं. स्थानीय पदाधिकारियों ने जांच के बाद नियमानुकूल सरकारी सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है।

**ट्रेन से गिरने से यात्री घायल: दारौंदा (सिवान) :** पूर्वोत्तर रेलवे के दारौंदा- चैनवा रेलखंड के बीच कमसड़ा गांव के समीप सोमवार को ट्रेन से गिरने से एक यात्री घायल हो गया। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। ग्रामीणों ने बताया कि छपरा से गोरखपुर जाने के दौरान किसी ट्रेन से गिरने से यात्री हो गया। घायल की पहचान गोरखपुर नाथ मंदिर के महंत पांडेय के पुत्र अरुण पांडेय के रूप में हुई है।

## बच्चों को दी गई आपदा से बचाव की जानकारी

**बसंतपुर (सिवान) :** आपदा प्रबंधन जीवन रक्षक संस्थान के अध्यक्ष सह आइटीबीपी सदस्य चंदन प्रसाद ने सोमवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित मिनर्वा पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं को आपदा से बचाव की जानकारी दी। छात्राओं ने सवाल पूछकर भी अपनी जिज्ञासा शांत की। प्रशिक्षण में संस्थान के सचिव सह बसंतपुर पैक्स अध्यक्ष बालेश्वर राय व संस्थान की टीम ने भूकंप के दौरान अपने आपको और साथियों को बचाने व सड़क दुर्घटना, चोट लगने पर प्राथमिक उपचार आदि के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा सर्पदंश, भूकंप से निपटने के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान टीम लीडर चंदन प्रसाद ने संरचना एवं कार्यशैली व आपदा प्रबंधन के विषय में विस्तार से जानकारी दी। मास्टर प्रशिक्षकों ने भूकंप, भूस्खलन जैसी आपदाओं में घायल हुए व्यक्तियों को अस्पताल से पूर्व चिकित्सा के बारे में जानकारी दी। संस्थान के सक्रिय सदस्य विशाल कुमार शर्मा व सुमित कुमार ने बताया गया कि इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों में आपदा प्रबंधन के बारें में जानकारी तथा रास्तों में होने वाले एक्सीडेंट से घायलों को बचाना और ब्लड कंट्रोल करने के चार तरीके जैसे डायरेक्ट प्रेशर, एलिवेशन आदि की जानकारी दी गई। इस मौके पर विद्यालय निदेशक चंद्रलोक मिश्र, प्रधानाध्यापक राजनारायण मिश्र, शिक्षक नौशाद आलम, आरके मिश्र, रामेश्वर सिंह, रेणु देवी, सावित्री देवी, अंजली कुमारी, सानिया कुमारी समेत अन्य छात्र छात्राएं मौजूद थे।

## बैठक में बीईओ ने प्रधानाध्यापकों को दिए कई निर्देश

**दारौंदा (सिवान) :** प्रखंड मुख्यालय स्थित माध्यमिक विद्यालय परिसर सोमवार को बीईओ शिवजी महतो की अध्यक्षता में प्रधानाध्यापकों की बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से विद्यालय में बुनियादी सुविधाओं पर विशेष रूप से चर्चा की गई। इस दौरान जेई पंकज झा ने कहा कि मध्य एवं माध्यमिक विद्यालयों में 40 बच्चे पर एक वर्ग कक्ष बनेगा। जिस विद्यालय का विद्यालय का पर्श, शौचालय, पेयजल उपलब्ध नहीं है वे एक जिला शिक्षा पदाधिकारी के नाम से आवेदन पत्र एवं विद्यालय की नोटो कैमरे का फोटो जमा करें। उन्होंने दो दिनों के अदंर आवेदन पत्र एवं फोटो के साथ जमा करने का निर्देश दिया। बीईओ ने कहा कि मतदान करने के लिए सभी कर्मचारियों को 12 ए फार्म जमा करना अनिवार्य। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सभी विद्यालयों में 30 अप्रैल से 20 मई तक जागारुकता अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत चित्रकला प्रतियोगिता, पेंटिंग कार्यक्रम, निबंध लेखन प्रतियोगिता, भाषण, मेंहदी आदि कार्यक्रम आयोजित करना है। चेतना सत्र के दौरान बच्चों एवं आस-पास के लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक करना आप सभी की जिम्मेवारी है। बैठक में मुख्य रूप से मतदान केंद्रों पर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बीईओ ने सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक को एक सप्ताह के अंदर फर्नीचर, बिजली, शौचालय, रैंप आदि सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने 47 प्रतिशत से कम वोट वाले मतदान केंद्र पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए लोगों को जागरूक करने की जिम्मेदारी शिक्षकों को दी गई। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप कोषांग के माध्यम से मतदाताओं को जानकारी दी जा रही है। इस मौके पर बीपीएम सुवेंदु कुमार, प्रधानाध्यापक रवींद्र कुमार, मिथिलेश तिवारी, विजय यादव, कमलेश्वर प्रसाद, लालाबाबू सिंह, रमेश कुमार आदि उपस्थित थे।

## रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स एकेडमी की दो बेटीयों ने राष्ट्रीय स्कूली रग्बी फूटबॉल अंडर 17 प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक

**दैनिक खोज खबर/मैरवा(सिवान)।** स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा महाराष्ट्र के पुणे में 27 एवं 28 अप्रैल 2024 को आयोजित 67वीं राष्ट्रीय अंडर 17 स्कूली रग्बी फुटबॉल चैंपियनशिप में बिहार की 12 सदस्यीय टीम में शामिल राजेंद्र कुष्ठ सेवा आश्रम बालिका उच्च विद्यालय सह इंटर कॉलेज की वर्ग 12वीं की छात्रा निक्की कुमारी एवं सिमरन प्रवीण ने बिहार के लिए स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम की सदस्य रही हैं विदीत हो की नीकी कुमारी एवं सिमरन परवीन रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स अकादमी की आवासीय प्रशिक्षु खिलाड़ी हैं। उनके कोच संजय पाठक ने बताया कि बिहार रग्वी फुटबॉल एसोसिएशन एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण का देन है जो सारी सुविधाएं मुहैया कराकर के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रग्बी फुटबॉल के लिए तैयार कर रहे हैं। पाठक ने बताया कि इन दोनों खिलाड़ियों के बिहार टीम के साथ स्वर्ण पदक जीतने पर सिवान रग्बी फुटबॉल संघ के महासचिव संतोष कुमार सिंह ने फोन पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी है तथा उन्होंने कहा है की जब हमारी बेटियां सिवान आ रही हैं तो सम्मानित भी किया जाएगा। साथ ही इन खिलाड़ियों को इस सिवान आई एम ए के अध्यक्ष डॉक्टर शशी भूषण सिंहा ,सचिव डॉक्टर शरद चौधरी, डॉक्टर रामजी चौधरी, मुख्य संरक्षक डॉक्टर आर एन ओझा, आर एल बी एस ए फाउंडेशन के निदेशक राजीव लोचन मिश्रा, डॉक्टर रिता सिंहा ,डॉक्टर राम एकबाल प्रसाद गुप्ता, डॉक्टर संगीता चौधरी, डॉक्टर विनय पांडेय ,डॉक्टर अशोक कुमार वर्मा, डॉक्टर सत्य प्रकाश संकरन सहित कई अन्य लोगों ने अपनी विजेता बिहार की बेटियों को शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी हैं।



## हथियार के बल पर मारपीट कर रुपये छीनने का आरोप

**हसनपुरा(सिवान) :** एमएच नगर थाना क्षेत्र के पड़री निवासी बलिराम यादव ने थाना में आवेदन देकर पट्टीदार के कुछ लोगों पर हथियार के बल मारपीट करने का आरोप लगाया है। आवेदन में कहा है कि 28 अप्रैल की सुबह करीब नौ बजे अपने परिवार के साथ घर पर था। इसी बीच पट्टीदार के कुछ लोग नशे की हालत में कुछ अज्ञात व्यक्ति साथ आ धमके और मुझे गाली गलौज करने लगे। मना करने पर राजू यादव, सुनीता देवी, जितेंद्र यादव, करण यादव, आजादी यादव, विक्की कुमार यादव ने हथियार का भय दिखाते हुए जान मारने की धमकी देते हुए मारने पीटने लगे। यह देख बचाव करने मेरा पुत्र आया तो उक्त लोगों ने उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया तथा घर में रखे सोने का जेवर सहित एक लाख रुपए छीन लिया। पुलिस आवेदन लेकर मामले की जांच कर रही है।

## मारपीट में दो घायल

**लकड़ी नबीगंज (सिवान):** थाना क्षेत्र के नरहन गांव में सोमवार को आपसी विवाद में हुई मारपीट में दो लोग घायल हो गए। घायलों का उपचार स्थानीय अस्पताल में चल रहा है। घायलों में नरहरपुर निवासी सिपाही राय और वकील राय शामिल हैं।

## मारपीट में महिला घायल

**लकड़ी नबीगंज (सिवान):** थाना क्षेत्र के खवासपुर गांव में आपसी रंजिश में एक महिला घायल हो गई। घायल महिला का इलाज स्थानीय अस्पताल में कराया गया। घायल महिला की पहचान मेराज हुसैन की पत्नी सलमा खातून के रूप में हुई है।

## बिजली पोल व तार गिरा गरने से विद्युत आपूर्ति बाधित

**सिवान।** असांव थाना के कंधपाकड़ गांव में सोमवार को तेज आंधी के कारण बिजली पोल व तार टूटकर गिर गया। इस कारण पूरे क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना विद्युत विभाग को दी है।

## आग लगने मची अफरातफरी

**सिवान।** दरौली थाना के दरौली गांव स्थित चंवर में सोमवार को अचानक आग लगने से अफरातफरी मच गई। बाद में ग्रामीणों द्वारा पंपसेट चलाकर किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका।

## अलग-अलग मामले में आठ गिरफ्तार

**बड़हरिया (सिवान):** थाना की टीम ने रविवार को विभिन्न जगहों पर छापेमारी कर अलग-अलग मामले में आइ लोगों को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष रूपेश कुमार वर्मा ने बताया कि गिरफ्तार लोगों में विशाल कुमार, गुड्डू कुमार, विशाल कुमार, कृष्णा बांसफोर, खालिद अंसारी, सर्वजीत राय उर्फ गुड्डू, चंचल कुमार शामिल हैं।

## दहेज हत्या का आरोपित गिरफ्तार

**महाराजगंज (सिवान) :** थाना कांड संख्या 335/23 के प्राथमिक अभियुक्त को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर रविवार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान दारौंदा क्षेत्र के कमसड़ा निवासी बाबुल राम के रूप में हुई। थानाध्यक्ष रत्नेश कुमार वर्मा ने बताया कि बाबुल राम दहेज हत्या मामले का अभियुक्त है। उसके विरुद्ध 27 नवंबर 2023 प्राथमिकी की गई थी।

## मोटर चोरी की प्राथमिकी

**हसनपुरा (सिवान) :** एम एच नगर थानाक्षेत्र के मंदरौली गांव में रविवार की रात चोरों ने एक अर्द्धनिर्मित मकान में रखा एक केविए का मोटर की चोरी कर ली। इस मामले में थानाक्षेत्र के मंदरौली निवासी गुल मोहम्मद के पुत्र सद्दाम अली ने थाना में आवेदन गांव के ही युवक दिलीप कुमार राम को आरोपित किया है। उसने आवेदन में कहा है कि जब में मोटर चोरी मामले में उससे पूछताछ करने गया तो वह मारपीट पर उतारू हो गया।

## युवक की हत्या के पांच दिन बाद भी मामले का उद्भेदन करने में पुलिस विफल

**बड़हरिया(सीवान)।** थाना क्षेत्र के भलुआ दक्षिण टोला और सदरपुर चंवर में 25 अप्रैल की सुबह बदमाशों ने सिसवां छोटका टोला निवासी नसीम मियां के पुत्र नसरुल्लाह की ईंट से कूचकर हत्या कर दी थी। इस मामले में मृतका की मां सलेहा खातून में थाना में आवेदन देकर अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी कराई थी। घटना के पांच दिन बाद भी पुलिस मामले के उदभेदन करने में असफल है। इस मामले के उद्भेदन में पुलिस को अब तक कोई सफलता नहीं मिली है। इस संबंध में थानध्यक्ष रूपेश कुमार वर्मा ने बताया कि पुलिस घटना के विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है। शीघ्र ही मामले का उद्भेदन कर लिया जाएगा।

## स्वास्थ्य कर्मियों ने रैली निकाल मतदाताओं को किया जागरूक

**बसंतपुर (सिवान) :** जिले में छठे चरण के तहत 25 मई को होने वाले मतदान को लेकर सोमवार से नामांकन शुरू हो गया। वहीं शत प्रतिशत मतदान कराने के लिए विभिन्न गतिविधियां के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का काम जिला प्रशासना द्वारा किया जा रहा है तथा उन्हें वोट के महत्व को भी बताया जा रहा है। इस क्रम में बसंतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने सोमवार को मतदाता जागरुकता रैली निकाल मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया। साथ ही लोगों को मतदाता के महत्व को समझाया। मतदाता जागरुकता रैली प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा.कुमार रविरंजन नेतृत्व में स्वास्थ्य केंद्र से आरंभ होकर एनएच 227 ए से होकर शांति मोड़, सिपाह , नगौली, यादव मोड़, पुरानी बाजार, थाना रोड, सब्जी मंडी, ब्लाक कालोनी होते हुए स्वास्थ्य केंद्र पहुंची। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने कहा कि हम सभी को अपने दायित्वों को पूरा करने के आगे आना चाहिए। इस मौके पर डा.निशांत कुमार, डा.मो.सेराजुल हक, डा. अजय कुमार सिंह, कमलेश्वर सिंह, साकेत कुमार, चंदन कुमार, ललन यादव, विनोद कुमार सिंह, सुषमा कुमारी, वंदना कुमारी समेत अन्य एएनएम व कर्मी मौजूद थे।

## विद्यालय का ताला तोड़ सामान की चोरी

**हुसैनगंज (सिवान) :** थाना क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च विद्यालय हाता टोले छाता में रविवार की रात चोरों ने विद्यालय के रसोई घर का ताला तोड़कर उसमें मध्याह्न भोजन बनाने के लिए रखे दो बड़ा बर्तन, एक बड़ा कड़ाही तथा एक स्टैंड फैन की चोरी कर ली। इस रात्रि प्रहरी रात्रि सत्येंद्र कुमार ने बताया कि ताला तोड़ने के दौरान हथौड़ी निवासी अलाउद्दीन को पकड़ लिया। पूछने पर उसने बताया कि तीन और चोर थे, जो भाग गए हैं। इस मामले में रात्रि प्रहरी ने थाना में आवेदन देकर सत्येंद्र कुमार व तीन अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है। थानाध्यक्ष विजय कुमार यादव ने बताया कि एक नामजद एवं तीन अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी की गई है तथा गिरफ्तार अल्लाउद्दीन को जेल भेज दिया गया है।

## स्वीप एक्टिविटी प्रोग्राम के तहत चला मतदाता जागरुकता व शपथ ग्रहण अभियान

**हसनपुरा(सिवान) :** प्रखंड के सहुली पंचायत के प्रसादीपुर में बीडीओ राजेश्वर राम के देखरेख में स्वीप एक्टिविटी प्रोग्राम के तहत मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। इस दौरान जीविका दीदी के संग संवाद कार्यक्रम एवं सेल्फी कार्यक्रम तथा शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लोकसभा चुनाव में शत- प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाता कार्यक्रम स्वीप के तहत लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया गया। मौके पर सभी को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने मत का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा मतदान के महत्व तथा निर्वाचन प्रणाली के संबंध में विशेष जानकारी दी गई।

हथियार के बल पर मारपीट कर रुपये छीनने का आरोप

हसनपुरा(सिवान) : एमएच नगर थाना क्षेत्र के पड़री निवासी बलिराम यादव ने थाना में आवेदन देकर पट्टीदार के कुछ लोगों पर हथियार के बल मारपीट करने का आरोप लगाया है। आवेदन में कहा है कि 28 अप्रैल की सुबह करीब नौ बजे अपने परिवार के साथ घर पर था। इसी बीच पट्टीदार के कुछ लोग नशे की हालत में कुछ अज्ञात व्यक्ति साथ आ धमके और मुझे गाली गलौज करने लगे। मना करने पर राजू यादव, सुनीता देवी, जितेंद्र यादव, करण यादव, आजादी यादव, विक्की कुमार यादव ने हथियार का भय दिखाते हुए जान मारने की धमकी देते हुए मारने पीटने लगे। यह देख बचाव करने मेरा पुत्र आया तो उक्त लोगों ने उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया।